NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No :118/NCRES/20 Date : 10.6.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य यान्त्रिक इंजीनियर
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– वैगन मरम्मत कारखाना, झांसी व सी.एम.एल.आर. के कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाना।

सन्दर्भः– NCRES का पत्र दिनांक 26.08.2020

महोदय,

NCRES ने अपने पत्र दिनांक 26.08.2020 द्वारा वैगन मरम्मत कारखाना व CMLR के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया था और दिनांक 02.09.2019 को आपसे मिलकर भी मैने बताया था कि कारखाने के फर्श और पिटो में पानी भर जाने के कारण कर्मचारी करंट की चपेट में आते रहते है, इसके अलावा पीने के पानी एवं अन्य समस्याओं के बारे में भी बताया जिसपर आपने कार्यवाही करने का आदेश दिया था।

यह भी अवगत कराना है कि आपके दिशा–निर्देशों के बाद भी झांसी वर्कशाप एवं CMLR में कोई सुधार नही हुआ जिसके कारण दिनांक 08.06.2020 को श्री कुणाल, वर्कशाप के पिट लाइन में कार्य करते हुये करंट का झटका लगने से नीचे गिर गये और उन्हे अर्ध बेहोशी की हालत में इलाज के लिये हास्पिटल ले जाया गया।

यह भी अवगत कराना है कि वर्कशाप व CMLR के जमीनी सतह एवं पिटो मे जमा पानी के निकासी एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिये NCRES की शाखाओं द्वारा पिछले 2 वर्षो से लगातार CWM को अवगत कराया जा रहा है लेकिन समस्याओं के समाधान नही हो पाया जिसके कारण वर्कशाप के कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

NCRES का अनुरोध है कि शेडों एवं पिटो मे जमा पानी के निकासी एवं कर्मचारियों को पीने का पानी की व्यवस्था में सुधार करने के लिये तथा NCRES की शाखाओं द्वारा पूर्व में दिये गये ज्ञापन पर कार्यवाही करने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री